हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 15 नवंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 मुक्तिधाम में नए टीन शेड के लिए विधायक ने दी राशि की स्वीकृति



07 भाषण व रंगोली प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय ने हासिल किया...



खबर संक्षेप

खाटू श्याम मंदिर में अन्नकूट महोत्सव आज

विदिशा। खाटू श्याम मंदिर में रविवार को अन्नकूट महोत्सव एवं भजन संध्या होगी। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इस दौरान भजन गायक आरव तिवारी श्याम भजनों की प्रस्तुति देंगे। सुबह भोग आरती के बाद श्याम भक्तों को अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया जाएगा। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष घनश्याम बंसल ने बताया कि आयोजन में सभी श्याम प्रेमियों को आमंत्रित किया गया है।

बालाजी मंदिर में अन्नकूट आज

विदिशा। किले अंदर स्थित बालाजी मंदिर में बालाजी एकादशी उत्सव समिति द्वारा आज अन्नकूट महोत्सव एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर भगवान श्री बालाजी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर में शाम 7 बजे आरती के बाद अन्नकूट महोत्सव शुरू होगा। समिति के विजय चतुर्वेदी ने बताया कि समारोह के माध्यम से दीपावली मिलन भी होगा।

सात दिन तक देख सकेंगे विदिशा का वैभव



विदिशा। शनिवार को विदिशा संग्रहालय में विशेष प्रदर्शनी शुरू हुई। यूनेस्को द्वारा हर साल 14 नवंबर को मनाए जाने वाले इस दिवस का उद्देश्य ऐतिहासिक स्मारकों, प्राचीन कलाकृतियों और सांस्कृतिक विरासत को चोरी व तस्करी से बचाना है। पहले दिन शहर के अनेक लोगों के साथ सैकड़ों बच्चों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्राचीन धरोहरों के माध्यम से विदिशा के गौरवशाली इतिहास, कला और सांस्कृतिक वैभव को जाना।

दंडात्मक कार्रवाई: 17 मामलों में तय समय पर नहीं किया निराकरण

आवेदन अटकाने पर 7 अफसरों पर 16 हजार 750 रु. का जुर्माना ठोका

बासौदा के नायब तहसीलदार पर सबसे ज्यादा 10 हजार रुपए की कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

आम लोगों के राजस्व संबंधी काम तय समय में नहीं करना सात अफसरों को भारी पड़ गया।

आवेदनों का निराकरण समय-सीमा में नहीं करने पर अपर कलेक्टर मीना मेसराम ने सात अधिकारियों पर कुल 16 हजार 750 रुपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई 17 अलग-अलग मामलों में की गई है। इनमें सबसे ज्यादा 10 हजार रुपए की शास्ति बासौदा तहसील के उदयपुर वृत्त में पदस्थ नायब तहसीलदार पर लगाई गई है।

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत राजस्व विभाग की विभिन्न सेवाओं के लिए लोगों ने आवेदन किए थे। इन आवेदनों का तय समय में निराकरण नहीं किया गया। मामले सामने आने के बाद संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा गया था। अधिकारियों ने अपने पक्ष में जो जवाब दिए, वे संतोषजनक नहीं पाए गए। इसके बाद अपर कलेक्टर एवं द्वितीय अपीलीय अधिकारी मीना मेसराम ने प्रकरणों की सुनवाई की और दस्तावेजों की जांच के बाद जुर्माना लगाने के आदेश जारी किए।

समय पर काम करना अधिकारियों की जिम्मेदारी

सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिकों को विभिन्न सेवाएं तय समय में देना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इसमें देरी होने पर संबंधित अधिकारी से जवाब मांगा जा सकता है और लापरवाही सामने आने पर जुर्माना लगाया जा सकता है। इस कार्रवाई से साफ है कि लोगों के आवेदन लंबे समय तक अटकाने पर संबंधित अधिकारियों को जवाबदेह बनाया जाएगा। इससे पहले भी अपर कलेक्टर द्वारा इस तरह की कार्रवाई की गई थी।

किस अधिकारी पर कितना जुर्माना

नायब तहसीलदार अंबानगर वृत्त बासौदा पर एक प्रकरण में 500 रुपए, तहसीलदार गुलाबगंज पर एक प्रकरण में 500 रुपए और तहसीलदार त्योंदा पर तीन प्रकरणों में 1,500 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। नायब तहसीलदार इमलिया विदिशा पर एक प्रकरण में 500 रुपए, नायब तहसीलदार उदयपुर वृत्त बासौदा पर सात प्रकरणों में 10 हजार रुपए, तहसीलदार लटेरी पर दो प्रकरणों में 1,000 रुपए और नायब तहसीलदार खामखेड़ा वृत्त-2 विदिशा पर दो प्रकरणों में 2,750 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

निर्धारित स्टॉपेज पर नहीं पहुंचने वाली दो बसों पर 20 हजार रुपए का जुर्माना

आरटीओ की कार्रवाई में 17 वाहनों से वसूला 31 हजार 500 रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शमशाबाद बस स्टैंड पर निर्धारित स्टॉपेज होने के बावजूद वहां नहीं पहुंचने वाली यात्री बसों पर परिवहन विभाग ने कार्रवाई की है। जांच के दौरान दो बसें नियमों का उल्लंघन कर महानीम चौराहे से सीधे गुजरती मिलीं।

विभाग ने दोनों बसों पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। वहीं, महानीम चौराहे और शमशाबाद में की गई वाहन चेकिंग के दौरान कुल 17 वाहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए, जिनसे 31 हजार 500 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया। दरअसल परिवहन विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि शमशाबाद बस स्टैंड पर निर्धारित ठहराव होने के बावजूद कुछ यात्री बसें वहां नहीं पहुंचतीं और महानीम चौराहे से ही सीधे निकल जाती हैं। इससे शमशाबाद आने-जाने वाले यात्रियों को परेशानी होती है। उन्हें बस पकड़ने के लिए दूसरे स्थानों पर जाना पड़ता है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने शनिवार को महानीम चौराहे और शमशाबाद में वाहनों की जांच की।

इस दौरान दो यात्री बसें निर्धारित स्टॉपेज पर नहीं पहुंचने की शिकायत के अनुरूप नियम विरुद्ध संचालित मिलीं। दोनों बसों पर 10-10 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। इसके अलावा अन्य वाहनों की जांच में भी नियमों का उल्लंघन मिलने पर कार्रवाई की गई।



विदिशा। कार्रवाई करते आरटीओ।

महानीम चौराहे और शमशाबाद में जांच

बसों की भी जांच

त्योहारों के दौरान यात्रियों की संख्या बढ़ने के मद्देनजर बसों में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने और सुरक्षा मानकों की भी जांच की गई। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि निर्धारित स्टॉपेज पर बसों का ठहराव सुनिश्चित कराने और यात्रियों की सुरक्षा के लिए अभियान जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी।

पूरनपूरा में युवती ने दुपट्टे से फांसी लगाकर की आत्महत्या

विदिशा। शहर के पूरनपूरा इलाके में एक युवती द्वारा दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान प्रिया बघेल निवासी पूरनपूरा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। मृतका के पिता सुनील बघेल वन विभाग में पदस्थ बताए जा रहे हैं। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

घर से 2 गैस सिलेंडर और गेहूं की बोरी चोरी करने वाला युवक धराया

विदिशा। स्वर्णकार कॉलोनी में घर से दो गैस सिलेंडर और गेहूं की बोरी चोरी करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने 20 वर्षीय युवक को पकड़ा है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी गए दोनों गैस सिलेंडर और गेहूं की बोरी बरामद कर ली है। स्वर्णकार कॉलोनी निवासी सुनील यादव (38) ने 14 नवंबर को घर से सामान चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर कोतवाली थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर संदेही की पहचान की। पूछताछ के बाद स्वर्णकार कॉलोनी निवासी निखिल दांगी (20), पिता प्रभान सिंह दांगी को अभिरक्षा में लिया गया। उसकी निशानदेही पर चोरी का पूरा सामान बरामद कर लिया गया।



विवाद के बाद मारपीट कर बाइक में लगाई आग

हैदरगढ़। हिम्मतपुर छतवाली पुलिया के पास पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट कर उसकी बाइक में आग लगा दी। घटना 13-14 नवंबर की दरमियानी रात करीब 3:30 बजे की है। ग्राम पिपरिया पाराशर निवासी गणेशराम अहिरवार (39) जयपुर से मजदूरी कर लौट रहे थे। रास्ते में उनके भांजे दीपक अहिरवार और शुभम जाटव से विवाद हो गया। आरोप है कि दीपक ने डंडे से सिर पर हमला किया और शुभम ने मारपीट की। इसके बाद पल्सर बाइक में आग लगा दी। सूचना पर पहुंची हैदरगढ़ पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया और जांच शुरू की। पुलिस की तत्परता की क्षेत्रवासियों ने सराहना की।

न्यू अरिहंत विहार में कल होगा वेदी शिलान्यास

आयोजकों ने संतों को श्रीफल भेंट कर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

न्यू अरिहंत विहार कॉलोनी में 16 नवंबर को भव्य वेदी शिलान्यास मंगल कार्यक्रम होगा।

कार्यक्रम सुबह 7 बजे से 10:30 बजे तक होगा। आयोजन को लेकर समाजजनों में उत्साह है। कार्यक्रम की मंगल शुरुआत के लिए समाजजनों ने पूज्य मुनिश्री पाठशाला प्रेरक 108 निर्णयसागर महाराज एवं गौशाला प्रेरक क्षुल्लक 105 तत्वसागर महाराज को श्रीफल भेंटकर उनका मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।

दोनों संतों ने वेदी शिलान्यास कार्यक्रम की सफलता और निर्विघ्न आयोजन के लिए मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। संतों के सान्निध्य और आशीर्वाद से समाजजनों में विशेष उत्साह है। समाजजनों ने इस धार्मिक आयोजन को भव्यता के साथ संपन्न कराने का संकल्प लिया है। श्री भगवान महावीर जिनालय निर्माण समिति के सदस्य अभी जैन, साहिल जैन, सिद्धांत जैन और संकल्प जैन ने समाजजनों से संपर्क कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया। आयोजन के माध्यम से जिनालय निर्माण के कार्य को धार्मिक और सामाजिक सहभागिता के साथ आगे बढ़ाने की तैयारी है।



मजदूर संघ की जिला कार्यकारिणी गठित, सतीश श्रीवास्तव बने अध्यक्ष

विधायक मुकेश टंडन ने कहा: मजदूरों के हितों के लिए हमेशा तत्पर हूं

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भारतीय मजदूर संघ का जिला सम्मेलन शनिवार को श्री नागेश्वर महादेव हनुमान मंदिर परिसर में हुआ। सम्मेलन चार सत्रों में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक सुरेश देव, प्रदेश वित्त सचिव एवं अखिल भारतीय कार्यसमिति सदस्य मेघा दुबे तथा विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी मौजूद रहे। इस दौरान विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ देश का प्रमुख राष्ट्रवादी श्रमिक संगठन है। पहले मजदूर का बेटा मजदूर ही बनता था, लेकिन अब नए भारत में मजदूरों के बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर और आईएएस-आईपीएस अधिकारी बन रहे हैं। उन्होंने मजदूरों के हितों के लिए हमेशा सहयोग करने का भरोसा दिया। दूसरे सत्र में सुरेश देव ने पांच परिवर्तनों के विषय में विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

कमलेश साहू को मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई

सम्मेलन में पुरानी जिला कार्यकारिणी भंग कर सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी गठित की गई। इसमें सतीश श्रीवास्तव को जिला अध्यक्ष, विपुल शर्मा, चरण सिंह लोधी और गायत्री शर्मा को उपाध्यक्ष तथा कमलेश साहू को जिला मंत्री बनाया गया। ईश्वर शर्मा, मनोज अहिरवार और संगीता कुशवाह सहमंत्री नियुक्त किए गए। कल्याण सिंह रघुवंशी को कोषाध्यक्ष, राजाराम यादव को कार्यालय मंत्री, मोहन सिंह यादव को प्रचार प्रमुख और एडवोकेट नीलम सिंह बघेल को विधि सलाहकार बनाया गया।



नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कांग्रेस सेवादल ने किया याद

विदिशा। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर शनिवार को कांग्रेस सेवादल ने एसएटीआई कॉलेज परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, पूर्व जनपद अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू और सेवादल जिला संगठक रामराज सिंह दांगी ने नेहरू के योगदान को याद किया। मोहित रघुवंशी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक नेहरू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुशील शर्मा सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

वर्ल्ड वे स्कूल में बाल मेले की धूम विद्यार्थियों ने सजाए आकर्षक स्टॉल

खेलों ने मोहा मन, जनप्रतिनिधियों व अभिभावकों ने लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭गुलाबगंज

गुलाबगंज स्थित वर्ल्ड वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में बच्चों ने आकर्षक स्टॉल सजाकर अपनी प्रतिभा और हुनर का प्रदर्शन किया।

जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, अभिभावकों और ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने मेले का जमकर आनंद लिया। मेले का शुभारंभ गुलाबगंज थाना प्रभारी सुरेश सोलंकी, स्कूल चेयरमैन मजहर अली जाफरी, पीयूष शर्मा, ओमप्रकाश घावरी, सचिन यादव और अमित चौकसे ने फीता काटकर किया। मेले में भारतीय व्यंजनों के साथ चाइनीज फूड और पिज्जा के स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों ने विभिन्न मनोरंजक खेलों के स्टॉल भी लगाए। थाना प्रभारी सुरेश सोलंकी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें बेहतर शिक्षा और सही दिशा देकर मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। स्कूल चेयरमैन मजहर अली जाफरी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है, जिसे पहचानकर आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए।इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर दानिश जाफरी और प्राचार्य अजय कुमार दास ने अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।



बिरसा मुंडा जयंती पर हुई रंगोली प्रतियोगिता



विदिशा। भगवान बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में शासकीय सांदीपनि विद्यालय, राजेंद्र नगर गंजबासौदा में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेकर रंगों के आकर्षक संयोजन से सुंदर रंगोलियां बनाईं। विद्यार्थियों ने अपनी कलाकृतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, परंपराओं, सामाजिक संदेशों और जनजातीय गौरव को दर्शाया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और बलिदान से परिचित कराने के साथ उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना था। रंग-बिरंगी रंगोलियों से विद्यालय परिसर में उत्सवी माहौल बना रहा।

घाट पर प्रतिदिन सफाई के लिए तैनात रहते हैं छह कर्मचारी

बेतवा घाटों पर हुई सफाई, जेसीबी से हटाई गंदगी लाइटिंग के साथ पंडाल व स्नान की व्यवस्था की



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बेतवा के बड़वाले घाट पर पसरी गंदगी का मुद्दा हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से उठाया गया था। इसके बाद अगले ही दिन शनिवार को घाट की सफाई की गई। छठ पर्व से पहले नगरपालिका ने बेतवा नदी के घाटों पर सफाई अभियान शुरू किया है। रविवार को श्रद्धालु यहां डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे।

खबर का असर

पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। नगर पालिका ने बेतवा नदी के प्रमुख घाटों पर जेसीबी से सफाई कराई। कर्मचारी घाटों से गंदगी हटाने और पूजा के लिए जगह तैयार करने में जुटे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अन्य इंतजाम भी किए जा रहे हैं। नगरपालिका के दरोगा पवन खरे ने बताया कि घाटों की रोजाना सफाई के लिए 6 कर्मचारी तैनात रहते हैं। छठ पर्व को देखते हुए विशेष सफाई अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए लाइटिंग, पंडाल और स्नान की व्यवस्था की जा रही है। घाट क्षेत्र में 6 से 7 अतिरिक्त जगहें भी तैयार की जा रही हैं। पवन खरे के मुताबिक छठ पर्व पर बेतवा घाटों पर हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। नगरपालिका पूजा के दौरान उन्हें परेशानी न हो इसके लिए सफाई, रोशनी और अन्य सुविधाओं को अंतिम रूप दे रही है।



विदिशा। घाट पर लगे कचरे के ढेर हटाते हुए नगरपालिका के कर्मचारी।

- त्योहारों के दौरान हजारों लोग पहुंचते हैं बड़वाले घाट पर।

हितचिंतक अभियान के लिए 22 से घर-घर पहुंचेंगे विहिप कार्यकर्ता

6 दिसंबर तक चलेगा सदस्यता अभियान, मोबाइल एप से जोड़े जाएंगे नए सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विश्व हिंदू परिषद का हितचिंतक अभियान 22 नवंबर से शुरू होकर 6 दिसंबर तक चलेगा।

अभियान की तैयारियों को लेकर शनिवार को शहनाई गार्डन में विहिप की नगर बैठक हुई। इसमें प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र ने कार्यकर्ताओं के साथ अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की।उन्होंने बताया कि इस बार सदस्यता मोबाइल ऐप के माध्यम से की जाएगी। अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में कार्यकर्ताओं को सदस्यता प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही अभियान के दौरान समाज के लोगों तक पहुंच बनाने और सक्रिय भागीदारी करने पर जोर दिया गया। बैठक में प्रांत गौरक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल, विभाग मंत्री विक्रम रघुवंशी, विभाग सहमंत्री चंद्रभान सिंह बघेल, संदीप नेमा, विभाग संगठन मंत्री मुकेश माहेश्वरी, विभाग सहसंयोजक सपन दिलेरिया सहित जिला और नगर के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।



खबर संक्षेप

अमित पुनः मोबाइल एसोसिएशन अध्यक्ष बने



गंज बासौदा। शनिवार को स्थानीय दादज़ी प्लाजा में मोबाइल एसोसिएशन की एक साधारण बैठक मोबाइल एसोसिएशन के संरक्षक श्याम वाधवानी, संजय जैन की उपस्थिति में की गई। जिसमें सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सर्वसम्मति से अमित ओसवाल को पुनः मोबाइल एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया। ओसवाल के पुनः अध्यक्ष बनने पर मोबाइल एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई दी। इस अवसर पर मोबाइल एसोसिएशन के सभी सदस्य उपस्थित थे।

सनातन धर्म समिति ने किया सम्मान



गंज बासौदा। श्री शीतला शक्ति धाम परिसर में चल रही पंडित विकास एलिया की श्रीमद् भागवत कथा में पांचवें दिवस शनिवार को भक्ति और उत्साह का अद्भुत नजारा देखने को मिला। इस अवसर पर श्री सनातन धर्म सेवा समिति संस्थान के सदस्यों ने कथा स्थल पर पहुंचकर व्यास गादी पर विराजमान कथावाचक पंडित विकास एलिया का शाल, श्रीफल एवं पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत व सम्मान किया। कथावाचक ने सम्मान के लिए समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भागवत कथा केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला ग्रंथ है। कथा सुनने से मन को शांति, परिवार में संस्कार और समाज में सद्भाव बढ़ता है। कार्यक्रम के मध्य में मटकी फोड़ एवं 56 भोग का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर राजेश तिवारी, देवेंद्र वर्मा, शिवप्रसाद श्रीवास्तव सहित समिति के अन्य सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई जयंती

गंजबासौदा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू की जन्म जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेहरू चौक पर स्थित पंडित नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नितिन दुबे, प्रहलाद सिंह रघुवंशी, विकास शर्मा, सत्य प्रकाश सेन, रवि तिवारी, राजेश महेश्वरी, प्रकाश मिश्रा, जगदीश सुहाने, सुनील बाबू पिंगले, राजकुमार सेन, सत्यनारायण शर्मा, ताराचंद अहिरवार, रविंद्र रघुवंशी मौजूद थे।

पुलिस ने दो आरोपियों से चोरी का वायर जब्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शहर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तार चोरी के दो प्रकरणों में दो आरोपियों रवि भार्गव उम्र 29 वर्ष, राघवेन्द्र अहिरवार उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम हतौड़ा को गिरफ्तार कर लगभग 85 हजार रुपए का चोरी गई विद्युत केबल बरामद की हैं। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं पूछताछ के आधार पर आरोपियों तक पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम दिया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन तथा शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया के नेतृत्व में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने एवं चोरी की घटनाओं का खुलासा करने हेतु पुलिस टीम गठित की गई थी। पहले प्रकरण में दिनांक 8 नवंबर 2026 को फरियादी राघवेन्द्र रघुवंशी निवासी ग्राम हतौड़ा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके खेत में लगे ट्यूबवेल की करीब 30 फीट कॉपर तार की डोरी चोरी कर ली गई है। आसपास के अन्य किसानों विजय रघुवंशी, देवेंद्र रघुवंशी, रमेश रघुवंशी, निशांत रघुवंशी एवं रविन्द्र कुशवाह के खेतों से भी ट्यूबवेल एवं विद्युत मोटरों की तार की डोरियां चोरी होना पाया गया। चोरी गई तार की कुल अनुमानित कीमत करीब एक लाख रुपये बताई गई।

पीड़ितों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। वहीं दूसरे प्रकरण में फरियादी कार्तिक प्रजापति निवासी वार्ड क्रमांक 21 के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि टीटी जैन पाठशाला स्थित निजी कार्यालय के मुख्य गेट का ताला तोड़कर अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी करने का प्रयास किया गया था। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। उक्त दोनों प्रकरणों में शहर थाना पुलिस टीम द्वारा घटनास्थलों एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। साथ ही तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की गई। जिसके आधार पर पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्रवाई में शहर निरीक्षक संजय बेदिया, लाखन सिंह, मनमोहन शर्मा, अरविंद पाठक, महेन्द्र लोधी, राहुल शर्मा, रत्नेश, प्रवेश जाट की भूमिका रही। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने केबल तार चोरों पर गंभीरता से कार्रवाई न होने का समाचार प्रमुखता से छापा था।

अंतिम गेंद पर चौका लगाकर रोमांचक जीत दर्ज की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के लीजेंड क्रिकेटर स्वर्गीय कपिल तिवारी की स्मृति में आयोजित बासौदा लीजेंड क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 में शनिवार को तीन मुकाबले खेले गए। दिन का सबसे रोमांचक मुकाबला भाईगिरी-11 और लीजेंड-11 के बीच हुआ, जिसमें भाईगिरी-11 ने अंतिम गेंद पर चौका लगाकर शानदार जीत दर्ज की। पहला मुकाबला एमडी लीजेंड्स-11 और श्री खेड़ापति बालाजी-11 के बीच खेला गया। एमडी लीजेंड्स-11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 157 रन बनाए। 158 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्री खेड़ापति बालाजी-11 की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 10.4 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से गौरव शर्मा ने 70 रनों की विस्फोटक पारी खेली। वहीं अप्पू तिवारी ने 17 गेंदों में 40 रन और अवधेश राजपूत ने 22 गेंदों में 40 रन बनाकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। दूसरा मुकाबला भारत सुपरस्टार और डेजी ब्लॉकबस्टर के बीच खेला गया। इसमें डेजी ब्लॉकबस्टर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 161 रन बनाए। टीम की ओर से नगर के दिग्गज क्रिकेटर धर्मेंद्र जैन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 92 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत सुपरस्टार की टीम निर्धारित ओवरों में सात विकेट खोकर 139 रन ही बना सकी और 22 रनों से मुकाबला हार गई। शानदार बल्लेबाजी के लिए धर्मेंद्र जैन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन का तीसरा और अंतिम मुकाबला भाईगिरी-11 और लीजेंड-11 के बीच खेला गया। यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसका फैसला दूसरी पारी की अंतिम गेंद पर हुआ। लीजेंड-11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 138 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भाईगिरी-11 की टीम ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। अंतिम ओवर में टीम को जीत के लिए 17 रनों की जरूरत थी। अंतिम गेंद पर जीत के लिए चार रन चाहिए थे, जिस पर गजेंद्र बुंदेला ने शानदार चौका लगाकर भाईगिरी-11 को रोमांचक जीत दिला दी। गजेंद्र बुंदेला ने नाबाद 38 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली और अंतिम ओवर में 17 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। उन्हें शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

बढ़ती आबादी के चलते अंतिम संस्कार के दौरान होने वाली परेशानी से मिलेगी राहत

मुक्तिधाम में नए टीन शेड के लिए विधायक ने दी राशि की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





नगर की बढ़ती आबादी के साथ पाराशरी मुक्तिधाम में सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के लिए उपलब्ध टीन शेड कम पड़ने के कारण कई बार लोगों को खुले मैदान में दाह संस्कार करने के लिए मजबूर होना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने विधायक निधि से नवीन टीन शेड निर्माण के लिए तीन लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से नगरपालिका परिषद द्वारा पाराशरी मुक्तिधाम में नवीन टीन शेड का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही सर्वसुविधायुक्त चबूतरे का निर्माण भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों नगर में एक साथ कई दुखद घटनाएं होने के कारण मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के लिए पर्याप्त स्थान और टीन शेड उपलब्ध नहीं हो पाए थे। इसके चलते परिजनों को खुले मैदान में अंतिम संस्कार करना पड़ा था। इस समस्या को लेकर नागरिकों और समाजसेवियों ने मुक्तिधाम में सुविधाएं बढ़ाने की मांग उठाई थी। इसी क्रम में कुछ दिन पहले विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और समाजसेवियों के साथ मुक्तिधाम का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान नगर की बढ़ती आबादी के अनुपात में टीन शेड की कमी सामने आई थी।

इस पर विधायक ने नवीन टीन शेड निर्माण कराने का आश्वासन दिया था, जिसे पूरा करते हुए अब तीन लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की अंतिम विदाई पूरे सम्मान और गरिमा के साथ होनी चाहिए। मुक्तिधाम में आने वाले परिजनों को अंतिम संस्कार के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए सुविधाओं का विस्तार जरूरी है। पाराशरी मुक्तिधाम शहर के बीच स्थित होने के कारण यहां बेहतर व्यवस्थाएं होना आवश्यक है। भाजपा सरकार छोटे से छोटे गांव से लेकर बड़े शहरों तक मुक्तिधामों को सर्व सुविधायुक्त बनाने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। जनसहयोग, जनसुविधाओं और नगर के विकास के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। विधायक निधि से तीन लाख रुपए की राशि स्वीकृत होने पर नागरिकों और समाजसेवियों ने विधायक हरिसिंह रघुवंशी का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि नवीन टीन शेड बनने से अंतिम संस्कार के दौरान होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी।

आचार्य विद्या वैली में बाल मेले का आयोजन हुआ

गंजबासौदा। आचार्य विद्या वैली हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल लाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर विशाल बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के अनेकों छात्रों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टॉल लगाये। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं के अतिरिक्त अभिभावकों और गणमान्य नागरिकों ने मेले में आकर मेले का आनंद लिया। बाल मेले के



उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर आराधना जैन, विशेष अतिथि के रूप में मीना, सरिता, दीपा एवं समस्त महिला मंडल मातृ शक्ति के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि दीदी डॉक्टर आराधना जैन द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर बडी संख्या में अभिभावक एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे। दोपहर 3 बजे तक मेले में अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। विद्यालय के डायरेक्टर प्रणय जैन, अशोक जैन, सतेंद्र सिंह राजपूत, पंकज जैन, प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना सहित विद्यालयीन स्टॉफ उपस्थित रहा।

नगर के कांग्रेस नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की यात्रा में शामिल होकर दिया समर्थन

गंज बासौदा। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा में नगर के कांग्रेस नेताओं ने पहुंचकर भाग लिया। यात्रा के दौरान नगर के नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया और यात्रा में शामिल होकर अपना समर्थन व्यक्त किया। यात्रा में कांग्रेस नेता अमित दुबे पट्टू, कांग्रेस नेता आकाश शर्मा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे। सभी ने यात्रा में पैदल चलकर सनातन संस्कृति, सामाजिक सद्भाव और



स्वाभिमान के संदेश को आगे बढ़ाया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का उद्देश्य सनातन परंपरा, संस्कार और आपसी भाईचारे को मजबूत करना है। यात्रा के माध्यम से समाज में एकता और सद्भाव का संदेश दिया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की इस यात्रा को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। नेताओं ने बताया कि यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं।

नागरिक सेवा समिति ने मरीजों को 100 कंबल वितरित किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

समाज सेवा एवं मानवता के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए नागरिक सेवा समिति एवं सेवाभावी संस्था दमयंती धर्म कांटा के सहयोग से शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में सर्दी के मौसम को देखते हुए मरीजों की सुविधा के लिए 100 कंबल दान स्वरूप भेंट किए गए। इस सेवा कार्य का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में उपचाररत जरूरतमंद मरीजों को सर्दी से राहत पहुंचाना है, ताकि ठंड के मौसम में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस पुनीत सेवा कार्य में योगेश शाह का विशेष सहयोग एवं योगदान रहा। इस अवसर पर नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, सुरेश ताम्रकार, देवी लाल, लालबहादुर ताम्रकार, राजकुमार मलकानी, बृजकिशोर, तुलसीराम, शंभूदयाल सहित अन्य सेवाभावी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राजीव गांधी जन चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. रवीन्द्र चिढ़ार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. महेन्द्र बाजौरिया, डॉ. लीना शर्मा सहित अस्पताल का अन्य स्टॉफ भी उपस्थित रहा। चिकित्सकों एवं अस्पताल स्टॉफ ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे मरीजों के हित में एक सराहनीय पहल बताया। समाज के प्रत्येक व्यक्ति एवं संस्था को ऐसे जनहितकारी कार्यों में आगे आकर अपना योगदान देना चाहिए।

शीतला माता मंदिर प्रांगण में हो रहा कथा का आयोजन

श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

हनुमान चौक स्थित शीतला माता मंदिर प्रांगण में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के पाँचवे दिवस पर कथा वाचक आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया ने राजा परीक्षित, कृष्ण की बाल लीलाओं, कालिया मर्दन, गोवर्धन पूजा, इंद्र के मानमर्दन और छप्पन भोग उत्सव का प्रसंग सुनाया गया। भागवत प्रवक्ता आचार्य पंडित विकास आनंद एलिया ने बताया कि कृष्ण ने बचपन में अपनी लीलाओं से गोकुलवासियों का मन मोह लिया था। उन्होंने माखन चोरी, ग्वाल-बालों के साथ खेल और यशोदा मैया के साथ प्रेम की लीलाओं का वर्णन किया। कालिया मर्दन की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि यमुना में रहने वाले कालिया नाग ने नदी का पानी विषैला कर दिया था।

कृष्ण ने यमुना में कूदकर कालिया का मर्दन किया और उसे यमुना छोड़ने का आदेश दिया। उन्होंने कालिया को अहंकार का प्रतीक बताया। गोवर्धन पूजा की कथा में बताया गया कि इंद्र को अभिमान हुआ, तो कृष्ण ने ब्रजवासियों से गोवर्धन पर्वत की पूजा कराई। इंद्र ने क्रोधित होकर भारी बारिश की। तब कृष्ण ने छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की। इसके बाद इंद्र को अपनी भूल का अहसास हुआ। कथा के अंत में भगवान को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए। पंडाल में 'जय कन्हैया लाल की' और 'जय गोवर्धन महाराज' के जयकारे लगे। किसी का अहंकार बढ़ता है, प्रभु अपनी लीला से उसके अहंकार को तोड़ देते हैं। अहंकार मनुष्य के जीवन में सबसे बड़ी भूल है जिसे भी अहंकार है वह प्रभु के निकट नहीं पहुंच सकता, सरल व्यक्ति को ही प्रभु पसंद करते हैं। कथा में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, राजेश तिवारी, मुख्य यजमान रमका गोपी लाल सैनी, रानू, सुषमा, मनीष, आशीष, सहित भक्तों ने कथा श्रवण कर धर्मलाभ लिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवांकुर विद्यापीठ में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर एसएटीआई कॉलेज के प्रोफेसर केके पंजाबी, प्रोफेसर संजीव साहू, विद्यालय के निदेशक शैलेंद्र दीक्षित, प्राचार्य संदीप रावत, सेवानिवृत्त शिक्षक शैलेंद्र कुमार पिंगले तथा मिडिल विभाग की प्रधानाध्यापिका सीमा साध्य उपस्थित थीं। कार्यक्रम संचालक विनय सोनी ने पंडित नेहरू के जीवन वृत पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात मिडिल विभाग, हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, कविता एवं पंडित नेहरू के जीवन पर आधारित भाषण प्रस्तुत किए गए। प्राथमिक विभाग के प्रधानाध्यापक अनिल रिछारिया ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक नितिन डोंगरे द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान बडी संख्या में विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

भव्य आर्ट मेला का आयोजन हुआ

गंजबासौदा। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती एवं बाल दिवस के अवसर पर नगर के 'डॉल्फिन - द स्कूल ऑफ विजडम' में विद्यार्थियों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से भव्य 'आर्ट मेला 2026-2027' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे कलाकारों ने अपनी कल्पनाशीलता और रंगों के माध्यम से एक से बढ़कर एक मनमोहक कलाकृतियां प्रस्तुत कीं। मेले में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई आकर्षक पेंटिंग्स और हस्तशिल्प के बीच हस्तनिर्मित कांच और मिट्टी से बनी सीनरी एवं मंडला आर्ट आगंतुकों और अभिभावकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों की बारीक कारीगरी और अनूठी कलात्मकता को देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया और सभी ने इसकी मुक्त कंठ से प्रशंसा की। आर्ट मेले के साथ-साथ आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों द्वारा बनाए गए विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रोजेक्ट्स और वर्किंग मॉडल्स जैसे सौर ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, जल संचयन और आधुनिक तकनीक पर आधारित मॉडल्स सभी को बेहद पसंद आए। प्रदर्शनी का अवलोकन करने अभिभावकों सहित गणमान्य नागरिक पहुंचे, जिन्होंने बच्चों की कला और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की।

शास. उत्कृष्ट उ.मा.वि., गंज बासौदा

निविदा आमंत्रण — दिनांक 14.11.2026

विद्यालय भवन की पुताई के लिए श्रमिकों/ठेकेदारों से दिनांक 24.11.2026 तक निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत विवरण एवं शर्तें विद्यालय में देखी जा सकती हैं।

प्राचार्य
शास. उत्कृष्ट उ.मा.वि., गंज बासौदा

बिरसा मुंडा जयंती पर सांदीपनि शाला में किया प्रतियोगिताओं का आयोजन

भाषण व रंगोली प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय ने हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



जनजातीय गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर सांदीपनि विद्यालय में विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक शासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा, रचनात्मक सोच और कला-कौशल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। वहीं भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और देश के प्रति उनके योगदान से भी परिचित कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। दोनों ही प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। रंगोली प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगों और सुंदर कलात्मक आकृतियों के माध्यम से अपनी कल्पनाशीलता का परिचय दिया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष, उनके साहस, स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान, आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए किए गए संघर्ष तथा उनके विचारों पर प्रभावशाली ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए। इस आयोजन में सांदीपनि विद्यालय सिरोंज, शासकीय हाई स्कूल देवपुर, पीएम श्री हाई स्कूल बरेज, हाई स्कूल नरखेड़ा जागीर, बमोरी साला, दीपनाखेड़ा, आदर्श संस्कृत विद्यालय, शासकीय हाई स्कूल करैयाहाट, हाई स्कूल गरेठा, कन्या शाला सिरोंज एवं हाई स्कूल पारधा सहित क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

रंगोली प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय प्रथम

रंगोली प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय सिरोंज के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं हाई स्कूल गरेठा ने द्वितीय तथा शासकीय हाई स्कूल देवपुर ने तृतीय स्थान हासिल किया। वही भाषण प्रतियोगिता में भी सांदीपनि विद्यालय सिरोंज के विद्यार्थियों ने अपने प्रभावशाली विचारों एवं प्रस्तुति के दम पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कन्या शाला सिरोंज ने द्वितीय तथा आदर्श संस्कृत विद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों ने दोनों ही प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रतिभागियों को बधाई दी।

भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनजातीय गौरव दिवस के महत्व को विद्यार्थियों तक पहुंचाना तथा भगवान बिरसा मुंडा के संघर्षपूर्ण जीवन, साहस, बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान से नई पीढ़ी को परिचित कराना था। भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज के अधिकारों, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर इतिहास में अपना विशिष्ट स्थान बनाया। उनका जीवन आज भी समाज को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और देश के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर बीईओ प्रतीक कुमार मेहरा, विद्यालय प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार, वरिष्ठ शिक्षक संजीव माथुर, शान मियां, सुरेश जैन, निशा जैन सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों की सराहना की तथा विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

सनराइज कॉन्वेंट हाई स्कूल में बाल मेले का आयोजन

खेल-खेल में सीखा व्यापार और आत्मनिर्भरता का पाठ, विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाए हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती एवं बाल दिवस के अवसर पर सनराइज कॉन्वेंट हाई स्कूल में बाल मेले का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं व्यावहारिक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर तथा फीता काटकर किया गया। इसके पश्चात बाल मेले में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार की आकर्षक दुकानें सजाई गईं।

बच्चों ने समोसा, चाट, भेलपुरी, अमरूद, सीताफल सहित घर पर तैयार की गई विभिन्न खाद्य सामग्रियों के स्टॉल लगाए। मेले में बच्चों ने दुकानदार और खरीदार दोनों की भूमिका निभाते हुए उत्साहपूर्वक खरीदारी एवं बिक्री की। इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला।

अभिभावकों एवं अतिथियों ने भी मेले में पहुंचकर बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉल से सामग्री खरीदी और उनका उत्साहवर्धन किया। बाल मेले के साथ ही विद्यालय परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। बच्चों ने अपने मॉडलों के माध्यम से वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं रचनात्मक क्षमता का परिचय दिया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों को देखकर अभिभावकों एवं उपस्थित अतिथियों ने उनकी सराहना की। विद्यालय में आयोजित इस बाल मेले का उद्देश्य बच्चों को केवल मनोरंजन का अवसर प्रदान करना ही नहीं, बल्कि उन्हें व्यवहारिक जीवन से जोड़ना भी रहा।

इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों ने लेन-देन, हिसाब-किताब, ग्राहक व्यवहार, व्यापारिक गतिविधियों एवं आत्मनिर्भरता का महत्व भी सीखा। साथ ही उनमें आत्मविश्वास, आपसी सहयोग एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया।

निर्मला कॉन्वेंट स्कूल में मनाया बाल दिवस बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी किया डांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



निर्मला कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न मनोरंजक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ शिक्षकों के द्वारा प्रार्थना गीत के साथ किया इसके उपरांत शिक्षिका गोपिका एवं प्रणति के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। तदोपरांत शिक्षिका असमा सादिक एवं अल्ताफ अहमद की टीम के द्वारा कब्बाली पेश की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षक शिक्षक अनिल जैन एवं उनकी टीम के द्वारा प्रस्तुत की गई लघु नाटिका रहा जिससे बच्चों द्वारा खूब पसंद किया गया। शिक्षक शैलेन्द्र कुशवाह के द्वारा कार्यक्रम में मधुर गीत प्रस्तुत किया तथा शिक्षिक कल्पना, प्रतिभा, आयुषि एवं अक्षिता के द्वारा मनमोहक नृत्य पेश किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को संस्था के प्रबंधक फादर एण्टोनी के द्वारा पुरूस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर टेंसी के द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में संचालन शिक्षिक शबना खान एवं शिक्षक प्रकाश नारायण शर्मा के द्वारा किया गया।

बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय के के.जी. सेक्शन में मेगा डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में 14 विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की जोड़ी ने भागीदारी की। इस आकार्षक प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने माता-पिता के साथ मंच पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। अभिभावकों ने भी बच्चों के साथ पूरे उत्साह और उमंग से नृत्य में भाग लिया। मंच पर बच्चों और माता-पिता की शानदार जुगलबंदी ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सानिया एवं टीम, द्वितीय स्थान समृद्धि एवं टीम तथा तृतीय स्थान असलान एवं टीम ने प्राप्त किया। विजय टीम को विद्यालय प्रबंधन द्वारा शील्ड प्रदान की गई।

नशे की हालत में प्रदर्शनकारियों ने किया हमला, घायलों को ले जा रही एंबुलेंस को भी रोका

रुसल्लीघाट पुल पर चक्काजाम के दौरान पुलिस-प्रशासनिक अमले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



ग्राम रुसल्लीघाट स्थित पुल पर 13 नवंबर को सड़क की मांग को लेकर हुए चक्काजाम के दौरान स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई, जब प्रदर्शन कर रहे कुछ लोगों ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों तथा शासकीय कर्मचारियों पर हमला कर दिया। एसडीएम ओमनारायण बड़कुल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, चक्काजाम कर रहे कुछ व्यक्ति नशे की अवस्था में थे। उन्होंने महिलाओं को आगे कर प्रशासनिक अमले के साथ अभद्रता करते हुए डंडों से हमला और पथराव किया। इस घटना में तहसीलदार अभिषेक पाण्डेय सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी घायल हो गए। इतना ही नहीं, घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाने वाली एंबुलेंस का रास्ता भी रोक दिया गया, जिससे आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं प्रभावित हुईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम रुसल्लीघाट के ग्रामीण सड़क की मांग को लेकर पुल पर एकत्रित होकर चक्काजाम कर रहे थे। इस दौरान मार्ग से गुजरने वाले आम नागरिकों, राहगीरों एवं वाहनों का आवागमन बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, राजस्व विभाग, जनपद पंचायत सहित अन्य विभागों का प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने सबसे पहले जाम में फंसे वाहनों एवं आम नागरिकों को सुरक्षित निकालने और यातायात बहाल कराने का प्रयास किया। साथ ही प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर समझाइश दी गई, ताकि शांतिपूर्ण तरीके से रास्ता खुलवाया जा सके।

31 आवेदन में से 12 का तत्काल निराकरण किया

कलेक्टर, एसपी और वन मंडलाधिकारी ने की जनसुनवाई घटनाक्रम के बाद कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं वन मंडलाधिकारी द्वारा व्यवस्थित तरीके से ग्रामीणों की जनसुनवाई की गई। इसमें कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 12 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदनों को शाम तक न्यायिक प्रकरण के तहत दर्ज किया गया। प्रशासन ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके निराकरण की दिशा में कार्रवाई की।

16 नवंबर को शहर की जलापूर्ति रहेगी बंद

सागर। नगर पालिक निगम द्वारा राजघाट जल आवर्धन परियोजना के अंतर्गत राजघाट जल शोधन संयंत्र पर स्थित ट्रांसफार्मर की मरम्मत कार्य के कारण 16 नवंबर (सोमवार) को शहर की जलापूर्ति पूर्णतः बंद रहेगी। जलप्रदाय शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन क्षेत्रों में 16 नवंबर (सोमवार) को पेयजल आपूर्ति प्रस्तावित थी, उन क्षेत्रों में मरम्मत कार्य पूर्ण होने के उपरांत 17 नवंबर को जलापूर्ति की जाएगी। वहीं जिन क्षेत्रों में 17 नवंबर को जलापूर्ति निर्धारित थी, वहां 18 नवंबर को पेयजल आपूर्ति की जाएगी। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने जलप्रदाय शाखा एवं टाटा प्रोजेक्ट के अधिकारियों को मरम्मत कार्य को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए अपील की है कि जलापूर्ति प्रभावित रहने की अवधि में आवश्यकतानुसार ही जल का उपयोग करें तथा पेयजल का अनावश्यक दुरुपयोग न करें।

संभागायुक्त ने अमृत 2.0 योजना के कार्यों का किया निरीक्षण

सागर। सागर संभागायुक्त दिलीप कुमार ने आज जनविश्वास अभियान अंतर्गत टीकमगढ़ जिले के भ्रमण के दौरान नगर पालिका टीकमगढ़ क्षेत्र में अमृत 2.0 योजना के तहत संचालित विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति एवं निर्माण संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह 20 नवंबर तक

सागर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 14 नवंबर से 20 नवंबर तक न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। विद्यालयों में कहानी सुनाना, निबंध लेखन, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर बनाना, नारा लेखन, रोल-प्ले, फैंसी ड्रेस और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों जैसी अंतः क्रियात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।



अग्रणी महाविद्यालय में 16 नवंबर से तीन दिवसीय युवा उत्सव, 27 विधाओं में दिखेगी प्रतिभा

जिला, संभाग और प्रदेश स्तर पर प्रतिभा दिखाने का मिलेगा अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महा विद्यालय में 16 से 18 नवंबर तक तीन दिवसीय महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव 2026 आयोजित किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता के निर्देशन में होने वाले इस आयोजन में छात्र-छात्राएं 27 विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर प्राचार्य की अध्यक्षता में स्टाफ काउंसिल की बैठक हुई। इसमें प्रशासनिक अधिकारी डॉ. इमराना सिद्दीकी और वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विनय शर्मा ने सुझाव दिए। प्रतियोगिताओं के संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर प्राध्यापकों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। युवा उत्सव प्रभारी डॉ. अभिलाषा जैन ने बताया कि प्रतियोगिताओं में साहित्य, कला, संगीत, नृत्य और नाट्य सहित विभिन्न विधाएं शामिल हैं। महाविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके बाद चयनित प्रतिभागियों को संभाग, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। मीडिया प्रभारी डॉ. संदीप सबलोक ने बताया कि प्रतियोगिताओं में वाद-विवाद, भाषण, रंगोली, चित्रकला, प्रश्न-मंच, एकल एवं समूह गायन, नृत्य, मिमिक्री, मूक अभिनय, एकांकी और नाट्य प्रस्तुतियों सहित कुल 27 विधाएं शामिल हैं। प्राचार्य एवं आयोजन प्रभारी ने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

नेहरू के जन्म दिवस को बच्चों के बीच जाकर मनाया

सागर। शहर कांग्रेस सेवादल परिवार ने स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू के जन्मजयंती के अवसर पर शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे के नेतृत्व में काकागंज वार्ड पहुंच कर गरीब बच्चों को कापी, पेन, पेंसिल और टाफियां बांटकर पं. नेहरू के जन्म जयंती को सार्थक बनाया। सेवादल प्रदेश महासचिव विजय साहू ने कहा कि पं.नेहरू एक ऐसी शख्सियत है जिनने स्वतंत्रता के बाद साधन संसाधन विहीन देश की बागडोर संभाली और देश को विकास पर अग्रसर किया ।

बाल दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित, बच्चों को बताए अधिकार एवं सुरक्षा के कानूनी प्रावधान

पॉक्सो अधिनियम, साइबर सुरक्षा, बाल शोषण की रोकथाम एवं निःशुल्क कानूनी सहायता की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर पारस विद्या विहार स्कूल (सीनियर), राजघाट रोड सागर में विधिक साक्षरता शिविर एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, साइबर सुरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा, बाल शोषण की रोकथाम एवं निःशुल्क कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी दी गई।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एम.के. शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संतोष सैनी, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड वीणा अग्निहोत्री, विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक जैन, प्राचार्य रितु सोनी एवं समन्वयक करनवीर सिंह सहित शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

प्रधान जिला न्यायाधीश एम.के. शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके अधिकारों की रक्षा करना समाज एवं कानून की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निःशुल्क शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम से विद्या अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्या से विनय, विनय से पात्रता और पात्रता से धन प्राप्त होता है, जिससे जीवन में सुख की प्राप्ति होती है। उन्होंने प्रत्येक बच्चे को यदि कोई व्यक्ति बच्चों के साथ गलत व्यवहार करता है, डराता-धमकाता है अथवा उनके अधिकारों का उल्लंघन करता है, तो उन्हें चुप नहीं रहना चाहिए। ऐसी स्थिति में माता-पिता, शिक्षकों अथवा किसी विश्वसनीय व्यक्ति को जानकारी दें। आवश्यकता पड़ने पर कानून एवं विधिक सेवा प्राधिकरण उनकी सहायता के लिए उपलब्ध है। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों की भावनाओं को समझने, उनकी बातें सुनने और उन्हें भयमुक्त वातावरण प्रदान करने की अपील की। उन्होंने निःशुल्क विधिक सहायता, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं उपलब्ध परामर्श सेवाओं की जानकारी देते हुए बच्चों को किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार या शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया।

प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड वीणा अग्निहोत्री ने किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम एवं पॉक्सो अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी। गुड टच और बैड टच के अंतर को समझाते हुए बच्चों को व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।



फेरी टोकरी कामगार दिवस पर पथ विक्रेताओं के लिए लगाया ऑनलाइन शिविर

सागर। असंगठित क्षेत्र की श्रमजीवी महिलाओं को उनके अधिकारों और शासन की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संस्था सेवा द्वारा भगवानगंज वार्ड में फेरी टोकरी अंतरराष्ट्रीय कामगार दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत पथ विक्रेताओं के लिए ऑनलाइन शिविर लगाया गया, जिसमें करीब 30 महिलाओं के ऋण आवेदन किए गए। संस्था का उद्देश्य ऋण के माध्यम से महिलाओं के आजीविका के साधनों को मजबूत करना और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। संस्था पिछले 30 वर्षों से सागर जिले में असंगठित क्षेत्र की श्रमजीवी महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही है। साथ ही महिलाओं और उनके परिवारों को बेहतर जीवन के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान बाल दिवस भी मनाया गया। इसमें बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

बाल मेला जैसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक होते हैं : प्राचार्य जिझोतिया

खुरई। तक्षशिला कान्वेंट स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में बाल मेले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शासकीय ललिता शास्त्री संकुल प्राचार्य एच.एन. जिझोतिया तथा विशिष्ट अतिथि शासकीय मॉडल स्कूल के प्राचार्य के.पी. यादव रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य एवं गीतों की प्रस्तुति दी। बाल मेले में विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल मुख्य आकर्षण रहे। अतिथियों ने स्टॉलों का निरीक्षण किया और बच्चों द्वारा तैयार व्यंजनों का स्वाद लिया। साथ ही विज्ञान एवं कला प्रदर्शनियों का अवलोकन कर बच्चों से प्रोजेक्ट्स के बारे में जानकारी ली। मुख्यअतिथि झिझोतिया ने कहा कि बाल मेला जैसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।

ग्राम पंचायत गौरझामर के पंच ने जहरीला पदार्थ खाया, जिला चिकित्सालय रेफर

देवरीकलाँ। देवरी विकासखंड की ग्राम पंचायत गौरझामर के वार्ड क्रमांक 15 के पंच दुर्गाप्रसाद पटैल ने विगत शुक्रवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था जिसके चलते उन्हे सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र देवरी लाया गया था जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हे जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। स्थानीय पत्रकारों को दिये गये बयानों में पीड़ित द्वारा ग्राम पंचायत गौरझामर में हुए गबन को लेकर की गई शिकायतों पर कार्रवाई न होने एवं ग्राम पंचायत के सचिव सरपंच के विरूद्ध प्रताड़ना की बात कही गई है। जानकारी के अनुसार विगत शुक्रवार रात्रि में ग्राम पंचायत गौरझामर के वार्ड क्रमांक 15 के पंच दुर्गाप्रसाद पटैल को जहर खुरानी के चलते सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र देवरी में भर्ती कराया गया था। जहाँ तैनात चिकित्सक द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया था परंतु उन्हे सांस लेने में तकलीफ सहित अन्य शिकायतों के चलते रात्रि में ही जिला चिकित्सालय रिफर किया गया था।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर विशेष

भगवान बिरसा मुंडा 'राष्ट्रवाद' और 'स्वाभिमान' के प्रतीक



डॉ.राहुल जैन
जिला मीडिया प्रभारी
भाजपा
विदिशा

आज 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती है। यह केवल एक महापुरुष की स्मृति का दिन नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रवादी चेतना का एक अभूतपूर्व पर्व है। बिरसा मुंडा को भारत देश धरती आबा कहकर पूजता है, लेकिन वे केवल एक जनजातीय नेता नहीं थे। वे देश के प्रथम राष्ट्रवादी क्रांतिकारी में से एक महत्वपूर्ण स्तंभ थे, जिन्होंने धर्म, संस्कृति, स्वदेशी और स्वशासन को एक सूत्र में पिरोकर अंग्रेजी सत्ता को चुनौती दी। बिरसा मुंडा का प्रसिद्ध नारा था-अबुआ दिशोम रे अबुआ राज अर्थात हमारे देश में हमारा ही राज होगा। यह स्वराज और आज के आत्मनिर्भर भारत की सबसे पहली घोषणा थी। अंग्रेजों ने जब वन कानूनों से आदिवासियों से जल, जंगल और जमीन छीनी, तो बिरसा ने भली भांति समझ लिया कि यह केवल आर्थिक शोषण नहीं बल्कि सांस्कृतिक गुलामी का एक गहरा षड्यंत्र है। उन्होंने कहा कि जो समाज अपनी धरती और संस्कृति को नहीं बचा सकता, वह कभी स्वतंत्र नहीं रह सकता। बिरसा ने उलगुलान-महाविद्रोह का आह्वान किया। यह विद्रोह बंदूक के साथ-साथ धर्मांतरण, पाश्चात्य संस्कृति और शराब जैसी बुराइयों के खिलाफ भी था। उन्होंने गांवों में सफाई, नशामुक्ति, स्वदेशी वेशभूषा और भारतीय संस्कारों का प्रचार प्रसार किया। उनका मानना था कि धर्म बदलना केवल पूजा पद्धति बदलना नहीं बल्कि राष्ट्र के प्रति निष्ठा बदलना है। बिरसा ने अंग्रेजी वस्तुओं के बहिष्कार का आह्वान किया था। अपना अनाज खाओ, अपने हाथ का बना पहनो, यही उनका स्वदेशी मंत्र था, जिसे बाद में महात्मा गांधी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वोकल फॉर लोकल के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं। कल्पना कीजिए कि मात्र 25 वर्ष की आयु में उन्होंने अंग्रेजी साम्राज्य को हिला दिया था और 9 जून 1900 को रांची जेल में देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर बिरसा मुंडा को राष्ट्र की मुख्यधारा में स्थापित किया। आइए, हम स्वदेशी अपनाएं, अपनी संस्कृति की रक्षा करें और आत्मनिर्भर, स्वाभिमानी भारत बनाने का संकल्प लें।

दशहरे मैदान की हाईटेक सब्जी मंडी की 120 दुकानों के व्यापारियों को शिफ़्ट कराया जाएगा

फुटपाथ पर अतिक्रमण से सिकुड़ी बाजार की सड़कें होगी अस्थाई अतिक्रमणकारियों पर कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

शहर के मुख्य बाजार में फुटपाथ पर बढ़ते अतिक्रमण और बेतरतीब तरीके से लग रही सब्जी-फल की दुकानों सब्जी फलों के हाथ ठेले के कारण सड़कें लगातार संकरी होती जा रही हैं। इसका सीधा असर शहर की यातायात व्यवस्था पर पड़ रहा है। अब प्रशासन ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए अतिक्रमण हटाने और स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने की तैयारी शुरू कर दी है। शनिवार दोपहर कलेक्टर रोहित सिसोनिया के आदेश पर नगरपालिका के मीटिंग हॉल में स्ट्रीट वेंडर यूनियन की अनिवार्य बैठक आयोजित की गई। इसमें अधिकारियों ने साफ संकेत दिए कि बाजार की सड़कों और फुटपाथों पर मनमानी अब नहीं चलने दी जाएगी।

बैठक में एसडीएम मनीष शर्मा, तहसीलदार भरत सिंह मांडले, नवागत नगरपालिका सीएमओ पवन कुमार अवस्थी और नपाध्यक्ष प्रतिनिधि जमना सेन मौजूद रहे। कलेक्टर रोहित सिसोनिया के निर्देश पर बुलाई गई इस बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था, फुटपाथों पर अतिक्रमण, स्ट्रीट वेंडर्स के पंजीयन और उनके लिए स्थायी स्थान तय करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

कृषि फार्म की जमीन पर पार्किंग की संभावन

शहर में पार्किंग की अव्यवस्था भी यातायात जाम की बड़ी वजह बन रही है। इस समस्या के समाधान के लिए सागर भोपाल स्टेट हाईवे पर कृषि फार्म की करीब चार एकड़ जमीन को लेकर भी संभावना तलाशी जा रही है।

अधिकारियों के अनुसार, उपयुक्त स्थान चिह्नित कर स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित जगह देने और वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था विकसित करने की योजना पर काम किया जाएगा।



120 दुकानों के बाहर निकले टीन शेड भी हटेंगे

शहर के खेल स्टेडियम के समीप नगरपालिका परिषद की हाईटेक सब्जी मंडी में करीब 120 दुकानें संचालित हैं।लेकिन दो तीन दुकानों को छोड़कर दुकानदार दुकानों में सालों बाद भी शिफ्ट नहीं हुए हैं। शहर के तीनों सड़कों पर अधिकांश दुकानदारों ने दुकानों के सामने अपने टीन शेड निर्धारित सीमा से बाहर तक निकाल रखे हैं। उन्हें व्यवस्थित कर लें। एसडीएम मनीष शर्मा ने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि ऐसे दुकानदारों की अलग से बैठक बुलाई जाएगी। उन्हें समझाइश देकर निर्धारित सीमा में दुकानें संचालित करने के निर्देश दिए जाएंगे। फुटपाथ पर फैलते अतिक्रमण के कारण आम लोगों के पैदल निकलने तक की जगह नहीं बच रही है।

ट्रैफिक व्यवस्था का नए सिरे से बनेगा प्लान

एसडीएम मनीष शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन मिलजुल कर शहर की यातायात व्यवस्था को नए सिरे से व्यवस्थित करने की योजना बना रहे हैं। बाजार में दुकानों के सामने अतिक्रमण, सड़क पर खड़े वाहन और फुटपाथ पर कब्जे जैसी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

बैठक से यह स्पष्ट है कि जिला एवं पुलिस प्रशासन सहित नपा परिषद के वरिष्ठ अधिकारी अब केवल बैठकों तक सीमित रहने के बजाय बाजार को अतिक्रमण मुक्त और यातायात के लिहाज से व्यवस्थित करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है। हालांकि असली चुनौती योजना को जमीन पर उतारने की होगी।

स्ट्रीट वेंडर्स का पंजीयन, परिचय पत्र भी मिलेंगे

एसडीएम मनीष शर्मा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि जमना सेन सहित नपा सीएमओ पवन कुमार अवस्थी ने कहा कि मुख्य बाजार के आम रास्तों पर सब्जी, फल और अन्य सामग्री बेचने वाले स्ट्रीट वेंडर्स का पंजीयन कराया जाएगा। सभी पात्र विक्रेताओं को परिचय पत्र उपलब्ध कराने के साथ शासन की पीएम स्वनिधि , पीएम मान धन योजना योजना का लाभ दिलाने की पहल की जाएगी। हालांकि जिला प्रशासन का उद्देश्य यह है कि छोटे दुकानदारों की रोजी-रोटी भी प्रभावित न हो और बाजार में यातायात भी बाधित न हो।

फुटपाथ पर दुकानें लगाने वालों ने कहा



बन्ने खान ने कहा – पहले भी कई योजनाएं कागजी खानापूर्ति के लिए बनीं, पर कुछ दिन बाद सब पुराने हाल पर लौट आया। नई योजना अच्छी है। लेकिन इसका लाभ तभी मिलेगा जब जिम्मेदार अधिकारी रोजाना कड़ाई से मॉनिटरिंग करेंगे।



राजेश कुशवाह ने कहा हाथ ठेलों को फुटपाथ से हटाने शिफ्टिंग की योजना अच्छी है। हम भी चाहते हैं कि एक तय जगह मिले। लेकिन अगर जिला प्रशासन बीच में ही ढील दे देगा तो फिर वही जाम और अतिक्रमण की स्थिति बन जाएगी।

गणेश कुशवाह ने पिछली योजना की नाकामी गिनाई। बोले - पहले हाईटेक सब्जी मंडी योजना आई थी, वो भी फेल हो गई। दुकानों के दाम बहुत ज्यादा थे और वहां पानी और छाया का पुख्ता इंतजाम नहीं था। गर्मी और बारिश में वहां बैठना मुश्किल था

सीताराम मालवीय ने सुझाव दिया - दुकानों को शिफ्ट करके बकायदा हर व्यापारी से 20 रुपए तहबाजारी शुल्क नपा परिषद को वसूलना चाहिए। रसीद कटेगी तो व्यापारी भी तय जगह पर ही रहेगा और सिस्टम में निश्चित रूप से सुधार आएगा।



पैदल मार्च निकाल कर एसडीएम को दिया ज्ञापन

व्यापारियों ने दिया अल्टीमेटम, गिरफ्तारी नहीं हुई तो सोमवार से होगा बाजार बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

कृषि उपज मंडी में अनाज व्यापारी की फर्म पर मुनीम पदम सिंह यादव को बंधक बनाकर करीब 20 लाख रुपए की लूट के मामले में कोतवाली पुलिस अब आम जनता से आरोपियों की पहचान कराने में जुट गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक नायक ने संदिग्ध आरोपियों के फोटो और वीडियो जारी कर लोगों से उनकी पहचान बताने की अपील की है। पुलिस ने आरोपियों की सूचना देने वाले को 30 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा भी की है। इसके लिए दो हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं।

इधर, घटना के दो दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से शहर के व्यापारियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शनिवार को व्यापारियों ने पैदल मार्च निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम एसडीएम मनीष शर्मा को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द लुटेरों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो सोमवार से रायसेन में अनिश्चितकालीन बाजार बंद किया जाएगा।

आठ पुलिस टीमें तलाश में जुटीं, सैकड़ों सीसीटीवी कैमरे खंगाले। अनाज मंडी में अनाज व्यापारी मनोज राठौर की फर्म के ऑफिस पर देर रात बदमाशों ने धावा बोलकर मुनीम पदम सिंह यादव पिता गोपाल यादव को बंधक बनाया और उसके साथ बेरहमी से मारपीट की थी। इसके बाद करीब 20 लाख रुपए की नकदी लूटकर आरोपी फरार हो गए थे। वारदात के बाद से पुलिस की आठ टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हुई हैं। पुलिस द्वारा शहर और आसपास के क्षेत्रों के सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

हालांकि पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि जिस गल्ला दुकान फर्म में वारदात हुई, वहां के सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर पहले से बंद थी। इस कारण वारदात और आरोपियों के चेहरे कैमरे में रिकॉर्ड नहीं हो सके। पुलिस दूसरे रास्तों और आसपास के कैमरों के फुटेज के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

लूट की घटना के बाद से व्यापारियों में असुरक्षा और नाराजगी का माहौल है। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष संतोष साहू मनोज राठौर सहित अन्य व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपकर जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

बाल दिवस पर 45 बच्चों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭दीवानगंज

बाल दिवस के अवसर पर वेलस्पन फाउंडेशन द्वारा अपनी वेलशिक्षा परियोजना के अंतर्गत ग्राम कायमपुर के भील टोला स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 45 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान बच्चों के लिए विभिन्न रचनात्मक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि राकेश आदिवासी, ग्राम पंचायत जमुनिया, शिक्षा संकुल प्रभारी मान सिंह यादव, अतुल मिश्रा, अजय रघुवंशी एवं सिद्धार्थ मिश्रा सहित वेलस्पन फाउंडेशन के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अतिथियों ने बच्चों को संबोधित करते हुए देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन, विचारों और बच्चों के प्रति उनके स्नेह के बारे में जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और बच्चों के सर्वांगीण विकास के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

बच्चों की प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए भाषण, चित्रकला, रंगोली एवं कविता प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं वेलस्पन के सदस्यों, पैरा-टीचर्स और विद्यालय के शिक्षकों ने खेलकूद, गीतों एवं कविताओं के माध्यम से बच्चों को कार्यक्रम में सहभागी बनाया।

न्याय की मांग, युवक चढ़ा 132 केवी के टावर पर

हरिभूमि न्यूज ⏭बरेली

शनिवार को नर्मदा किनारे बसे ग्राम सर्रा में सोनू अहिरवार नामक युवक 132 केवी ऊंचे टावर पर चढ़कर न्याय की मांग करता रहा। एसडीएम एवं पुलिस, परिजनों की समझाइस के बाद युवक सोनू अहिरवार पुत्र देवदीन निवासी ग्राम सर्रा नीचे उतर आया और बड़ी अनहोनी घटना होने से बच गई।

ग्राम के लोगों के साथ सोनू अहिरवार का एक वर्ष पूर्व विवाद झगड़ा हुआ था। आरोपियों के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई भी पुलिस द्वारा की गई थी।

घटना के बाद आरोपियों की न्यायालय से जमानत हो गई, शायद इसी से नाराज होकर युवक न्याय की गुहार लगाते बिजली के ऊंचे टावर पर चढ़ गया। एसडीएम अंकित जैन, टीआई कपिल गुप्ता और परिजनों की समझाईस से सोनू टावर से नीचे उतर आया टावर पर चढ़ने की घटना दिनभर ग्रामीण क्षेत्र और नगर में चर्चा का विषय बनी रही।

इनका कहना है

सोनू अहिरवार की और से 2025 एवं 2026 में दो बार प्रकरण दर्ज किए गए आरोपियों को न्यायालय से जमानत मिल गई इसी कारण सोनू द्वारा बिजली के टावर पर चढ़ने जैसा जोखिम भरा कदम उठाया गया।

– कपिल गुप्ता,
थाना प्रभारी बरेली



अंबाड़ी में सड़क बनी तालाब, घरों से निकलना मुश्किल

सलामतपुर। सांची विकासखंड के ग्राम अंबाड़ी में मूलभूत सुविधाओं और साफ-सफाई को लेकर ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। गांव में जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण गजेंद्र चौकसे के घर के सामने वाली गली में नालियों का गंदा पानी सड़क पर जमा हो गया है। स्थिति यह है कि सड़क ने तालाब का रूप ले लिया है और ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है।

लंबे समय से बनी इस समस्या के बावजूद ग्रामीणों को अब तक राहत नहीं मिल सकी है। गांव की इस गली में नालियों का पानी सड़क पर फैलने से आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल निकलने वाले लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

अतिक्रमणकारियों को 24 घंटे में अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी

टॉकीज चौराहे पर अतिक्रमण की भरमार

हरिभूमि न्यूज ⏭बरेली

स्थानीय प्रशासन एवं नगर परिषद द्वारा नगर की सड़कों फुटपाथ चौराहों से अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई जा रही है। अतिक्रमणकारियों को 24 घंटे में अतिक्रमण स्वयं हटाने की चेतावनी दी गई है। टॉकीज रोड चौराहे पर एक निजी भूमि पर किए दुकानदार का अतिक्रमण हटाने व्यवहार न्यायाधीश द्वारा 15/ 12/ 2025 को आदेश पारित किया गया, स्थानीय अधिकारियों द्वारा कब्जा दिलवाने के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही किए जाने के बाद दुकानदार द्वारा बार-बार अतिक्रमण हाथ ठेला लगे रहने से चौराहे पर हमेशा जोखिम भरी और जाम की स्थिति बनती है। दुकानदार द्वारा बार-बार अतिक्रमण किये जाने से विवाद की स्थिति बन रही है।



नगर के बीचोंबीच से निकली पुरानी एन एच 12 सड़क के किनारो फुटपाथ के साथ दीनदयाल परिषद, बस स्टैंड, कब्रिस्तान चौराहे, पिपरिया रोड चौराहा, टॉकीज रोड, सब्जी मंडी, छोटा बाजार मार्ग पर अतिक्रमण की भरमार सड़क पर दुकानों का सामान हाथ ठेला लगे रहने से महिलाओं बुजुर्गों बच्चों को जोखिम भरी स्थिति में सड़क पर चलना मजबूरी बना रहता है।

अंडर-18 जिला क्रिकेट टीम के लिए 36 खिलाड़ियों में मुकाबला, आज होगा चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

जिले की अंडर-18 क्रिकेट टीम के गठन के लिए शनिवार को रायसेन खेल स्टेडियम में चयन मैच आयोजित किया गया। इसमें जिलेभर से ट्रायल के जरिए चुने गए 36 युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। दो टीमों के बीच खेला जा रहा दो पारियों का यह मुकाबला रविवार को समाप्त होगा। खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर जिला टीम का चयन किया जाएगा।

दरअसल, जिला क्रिकेट संघ रायसेन की ओर से सिलवानी, रायसेन और सुल्तानपुर में ट्रायल मैच आयोजित किए गए थे। इनमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले 36 खिलाड़ियों को अंतिम चयन मुकाबले के लिए चुना गया। शनिवार को सभी खिलाड़ियों को दो टीमों में बांटकर मल्टी-डे क्रिकेट मैच शुरू कराया गया। चयनकर्ताओं की नजर खिलाड़ियों की बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण और खेल कौशल पर रही।



मैच के दौरान मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की क्रिकेट डेवलपमेंट कमेटी के अध्यक्ष हर्ष पांडे, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष मुदित शेजवार, सचिव अजहर कुरैशी, कोषाध्यक्ष रामकुमार साहू, सह सचिव कैलाश ठाकुर सहित नितिन मालवीय और मुकेश शर्मा मौजूद रहे। मैनेजर इरफान खान ने बताया कि शनिवार को चयन मैच का पहला दिन था। रविवार को दो पारियों का मुकाबला पूरा होने के बाद खिलाड़ियों के प्रदर्शन का आकलन किया जाएगा। इसके आधार पर रायसेन जिले की अंडर-18 टीम तैयार होगी।

चयनित जिला टीम विदिशा में भोपाल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन (बीडीसीए) की ओर से आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में रायसेन जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। चयन प्रक्रिया में चीफ सेलेक्टर युष पाठक, सौरव मिरोटे और मुकेश शर्मा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजर रख रहे हैं। जिले के होनहार खिलाड़ियों को टीम में जगह मिलने का फैसला होगा।

सोमवार को सुबह ऊगते सूर्य को अर्घ्य के साथ होगा समापन

छठ महापर्व: नहाय-खाय के साथ व्रतियों ने किया आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

कल अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी व्रतधारी महिलाएं, आस्था, तपस्या, पवित्रता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता लोक संस्कृति का महापर्व छठ शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है।

चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में व्रतधारी सुहागन महिलाओं द्वारा पूरी श्रद्धा और नियम-संयम के साथ भगवान सूर्य और छठी मैया की उपासना करेंगे। शनिवार को खरना होगा। इसके बाद रविवार से 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होगा।

शनिवार को व्रती दिनभर कठिन उपवास रखकर शाम को खरना की पूजा करेंगी। गुड़ की खीर, रोटी और अन्य पारंपरिक पकवानों का प्रसाद तैयार किया जाएगा। पूजा के बाद व्रती प्रसाद ग्रहण करेंगी और इसके साथ ही उनका कठिन निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा, जो सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पूरा होगा।



चार दिनों तक होंगे अनुष्ठान

13 से 16 नवंबर तक कार्यक्रम होंगे। दो दिन कार्यक्रम हो चुके अब **15 नवंबर :** अस्ताचलगामी सूर्य को संध्या अर्घ्य। **16 नवंबर :** उदीयमान सूर्य को प्रातःकालीन अर्घ्य देकर व्रत का पारण।

छठ महापर्व में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद अगले दिन उगते सूर्य की उपासना की जाती है। रविवार को व्रतधारी महिलाएं बांस के सूप और दउरा में नारियल, गन्ना, केला, ठेकुआ तथा मौसमी फल सजाकर छठ महापर्व मनाने मिश्र तालाब घाट पर पहुंचेंगी। अस्ताचलगामी सूर्य को जल अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि खुशहाली की कामना करेंगी। सोमवार सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पारण के साथ चार दिवसीय अनुष्ठान संपन्न होगा।

छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं से नदी, मिश्र तालाब और छठ घाटों की स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई है। पूजा के लिए निर्धारित सुरक्षित स्थानों का ही उपयोग करने, घाटों पर पर्याप्त प्रकाश, पेयजल और सुरक्षा व्यवस्था रखने पर जोर दिया गया है।

भोजपुरी समाज सांची विस अध्यक्ष अजीत यादव पंडित रमेश तिवारी ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान सूर्य को प्रत्यक्ष देवता माना जाता है। छठ पूजा में सूर्य की उपासना के माध्यम से ऊर्जा, प्रकाश, आरोग्य और परिवार की खुशहाली की कामना की जाती है। यह पर्व प्रकृति के सामूहिक सहभागिता का भी संदेश देता है।

बाल दिवस पर सांदीपनि विद्यालय के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

दुग्ध उत्पादन से लेकर वन संपदा तक की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिलवानी

बाल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सेठ अमरचंद समैया शासकीय सांदीपनि विद्यालय, सिलवानी के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को शासकीय दुग्ध संकलन केंद्र, शासकीय उद्यान विभाग और शासकीय वन विभाग के कार्यालय का भ्रमण कराया गया।

कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी रूपेंद्र ठाकुर के निर्देशन में तथा विद्यालय के प्राचार्य एन. पी. शिल्पी के मार्गदर्शन में किया गया। भ्रमण की शुरुआत शासकीय दुग्ध संकलन केंद्र से हुई। यहां केंद्र के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि दूध कैसे एकत्रित किया जाता है, उसकी शुद्धता की जांच कैसे होती है, फैट कैसे निकाला जाता है और किस तरह से उसे ठंडा कर डेयरी तक पहुंचाया जाता है। बच्चों ने पहली बार जाना कि जो दूध हम घर में पीते हैं, वह किसान से लेकर हमारे घर तक कैसे पहुंचता है।

